**एक नजर में**

## मेले में सुरक्षा व समय सीमा बढ़ाने की मांग

**पाथाखेड़ा।** किसान खुदरा व्यापारी संघ ने आगामी बाबा मठारदेव मेले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर दुकानदारों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ ने वर्तमान में रात्रि 10 बजे तक दुकान बंद करने के निर्देश में आंशिक संशोधन की मांग करते हुए इसे 10.30 बजे तक बढ़ाने का अनुरोध किया है। व्यापारियों का कहना है कि अतिरिक्त समय मिलने से वे अपनी दुकानें व्यवस्थित रूप से बंद कर सकेंगे और प्रशासन को बेहतर सहयोग दे पाएंगे। इसके साथ ही मेले की अवधि बढ़ाने की भी मांग की गई है। वर्तमान में 12 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रस्तावित मेले को 26 जनवरी तक आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। संघ का तर्क है कि क्षेत्र में जनसंख्या व आवाजाही को देखते हुए अवधि बढ़ाने से मेला भ्रमण करने वालों की संख्या बढ़ेगी, जिससे दुकानदारों के व्यवसाय में भी वृद्धि संभव होगी। ज्ञापन सौंपते समय नेता अजय सोनी, संजय अग्रवाल, वरिष्ठ नागरिक अरविंद सोनी, सपन कामला, दीपक सोनकर, मो .ताहिर पार्षद, सुनीता बेलवांसी,अन्य पार्षद व गणमान्य व्यक्तियों सहित किसान खुदरा व्यापारी संघ के अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## किसानों ाके सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी

**भैंसदेही।** इन दिनों रबी फसलों की सिंचाई का समय में रात दिन से क्षेत्र का कृषक वर्ग अपनी फसलों के सिंचाई कार्य में लगा हुआ है। ऐसे में जलाशयों से मिलने वाले पानी की बर्बादी को लेकर क्षेत्र का कृषक समाज खासा आक्रोशित हैं,सुत्रो की मानें तो क्षेत्र के कुर्सी,भिवकुंड , बोरगांव, जैसे नहर वाले जलाशयों के पानी का उपयोग सिंचाई में कम और सड़कों नालीयों से ज्यादा बह रहा है ,एक ओर संबंधित विभाग के नुमाइंदे पिछले वर्षों की तुलना में बैहतर ढंग से किसानों को टेल तक जल आपूर्ति का दावा कर रहे हैं तो वहीं मौके पर तस्वीर कुछ और ही है.

# रोड पर बेतरतीब खड़े रहते है वाहन, लगता है बार-बार जाम

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 31 दिसंबर. शहर की सड़कों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों को ठीक से खड़ा नहीं किया जाता है। इससे जाम की स्थिति बनती है।**

**सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े किये तो होगी कार्रवाही**

**बाजार वाले दिन सबसे ज्यादा बिगड़ती है व्यवस्था**



दरअसल सड़कों पर वाहन खड़े होने से दूसरे वाहन निकल नहीं पाते है। ऐसे वाहन चालकों पर यातायात विभाग ने कार्रवाही करने की योजना बनाई है। बताया जा रहा है कि शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में जो भी वाहन बेतरतीब खड़े होंगे, उन्हें टो-वैन से टो कर लिया जायेगा। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर बन सकेगी। यातायात प्रभारी गजेन्द्र कैन ने बताया कि शहर के कुछ चुनिंदा स्थानों पर वाहनों को टो करने की कार्रवाही की गई है। जिसके लिए पहले वाहन चालक को एलाउंस करके वाहन हटाने की समझाईश दी जाती है, इसके बाद भी यदि वाहन चालक वाहन नहीं हटाते है तो वाहनों को टो कर यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत कार्रवाही करते है। श्री कैन ने बताया कि 10 से 15 वाहनों को टो कर चालानी कार्रवाही की गई है। आगामी दिनों यह कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था का सुचारू बनी रहेगी और लोगों को भी सड़कों पर जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**साप्ताहिक बाजार वाले दिन सबसे ज्यादा परेशानी :** शहर के मुख्य बाजार सड़क किनारे संचालित होते है। जिससे अक्सर बाजार वाले दिन यातायात व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है। हालात यह है कि सदर बाजार में वाहन चालक गलत तरीक से सड़क किनारे वाहन खड़ा करते है। यहीं हाल कोठीबाजार क्षेत्र का भी है। यहां भी वाहनों के खड़े होने के कारण बार-बार यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

> गाड़ी को टो करने के पहले एलाउंस किया जाता है। फिर भी यदि समय पर वाहन चालक गाड़ी नहीं हटाते है तो वाहन को टो किया जाता है। वैसे यह स्थिति बहुत की कम बनती है। अभी तक 10-15 वाहनों को टो कर यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत चालानी कार्रवाही की है।
>
> **- गजेन्द्र केन,** यातायात प्रभारी, बैतूल

### इन स्थानों पर बेतरतीब खड़े रहते है वाहन

शहर के कुछ चुनिंदा स्थान है, जो यातायात की दृष्टि से बेहद ट्रॉफिक वाले क्षेत्र है। लेकिन यहां भी लोग अपने वाहन सड़क पर या किनारे लगाकर घंटो खरीदी करते है। जिसकी वजह से दूसरे वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती है और जाम की स्थिति बनती है। शहर में खासकर गंज क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बापू की कचौड़ी, लल्ली चौक से थाना चौक के बीच, बस स्टैंड, बस स्टैंड, कोठीबाजार सहित अन्य स्थान है, जहां लोग अपने वाहन बेतरतीब खड़े करते है। इन स्थानों पर हालात यह है कि जिसका जहां मन किया, वाहन खड़े कर देते है। कोठीबाजार लल्ली चौक पर बस स्टैंड जाने वाले मार्ग, आईसीईएन होटल, टांगा चौक गंज पर वाहनों के सड़क पर खड़े होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

### वाहनों के खड़े रहने से सिकुड़ जाती है सड़के

वाहनों को सड़कों पर गलत तरीके से खड़ा किये जाने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है। वाहन चालक सड़क पर वाहन खड़ा कर देते है। जिसकी वजह से सड़क की चौड़ाई सिकुड़कर कम रह जाती है। ऐसे में यदि बड़ा वाहन आ जाये तो निकलने तक की जगह नहीं बनती है। इससे जाम लगता है। बस स्टैंड के सानमे वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा किया जाता है। हालत यह है कि यहां पर सड़क पर भी वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। सबसे खराब स्थिति दिनभर यहीं पर बनती है। इसके अलावा लल्ली चौक के पास तालाब के सामने जहां मन आता है, वहीं बाइक खड़ी कर दुकान में खरीदी करने चले जाते है। इस रोड पर भी वाहनों का अधिक दबाव रहता है। कोठीबाजार मस्जिद के पास भी यहीं हाल है। सब्जी और फलों के ठेले सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे व्यवस्था हर रोज खराब होती है।

# निरीक्षण में फिल्टर प्लांट की बंद मिली मशीन, लैब भी मिला बंद

**मुलताई। नगर में हरदोली जल आवर्धन योजना से जल प्रदाय किया जाता है।हरदोली डेम फिल्टर प्लांट के रखरखाव में लापरवाही की शिकायत मिलने पर विवेकानंद वार्ड की पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने फिल्टर प्लांट पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ?िल्टर प्लांट पर उपस्थित नपाकर्मी ने फिल्टर प्लांट में पानी का वेस्ट मटेरियल निकालने वाली ब्रिज रोटर मशीन बंद होने की जानकारी दी।**



जिस पर पार्षद अंजलि शिवहरे ने नाराजगी जताते हुए बंद मशीन को शीघ्र शुरू करने के लिए जलप्रदाय प्रभारी योगेश अनेराव से चर्चा की। जिस पर प्रभारी उपयंत्री ने शीघ्र मशीन शुरू करने का आश्वासन दिया। पार्षद अंजलि शिवहरे ने बताया की कुछ महीने पहले नगर में दूषित पानी पीने से बीमारियों का प्रकोप फैल चूका है, इसलिए नगरवासियों को शुद्ध जल प्रदाय करना नगरपालिका की प्राथमिकता होना चाहिए,लेकिन फिल्टर प्लांट के रखरखाव में लापरवाही के कारण बीते कुछ दिनों से नगरवासियों द्वारा नगर में फिर से गन्दा पानी आने की शिकायत मिल रही थी,इसलिए आज हरदोली डेम के फिल्टर प्लांट पहुंचकर निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान पार्षद अंजलि शिवहरे को फिल्टर प्लांट के पानी की शुद्धता जांच के लिए बनाई गई प्रयोगशाला भी बंद दिखाई दी जिसके बाद उन्हें जानकारी मिली की लेब टेक्निशियन नहीं होने के कारण प्रयोगशाला को बंद कर दिया गया है एवं फिलहाल में फिल्टर प्लांट पर केवल पानी का टीडीएस एवं पीएच नापा जा रहा है एवं पानी को महीने में एक बार बैतूल भेजकर अन्य जांचे करवाई जा रही है। पार्षद अंजलि शिवहरे ने बताया की पानी की शुद्धता के लिए लेब में रोजाना पानी के रंग, स्वाद, टोटल हार्डनेस,पानी में बैक्टीरिया की संख्या जैसी जरुरी जांच होना चाहिए लेकिन प्रयोगशाला बंद होने से ये सारी जरुरी जांचे भी नहीं हो पा रही है। पार्षद ने सीएमओ से शीघ्र लेब टेक्नोशियन की नियुक्ति कर प्रयोगशाला शुरू करने की मांग की है।

# खडे ट्रक से टकराई ट्रेवलर, 7 यात्री घायल

**मुलताई। नेशनल हाइवे बैतूल रोड पर ग्राम नगरकोट के पास बुधवार सुबह एक ट्रेवलर वाहन हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। जिससे ट्रैवलर में सवार 7 यात्री घायल हो गए।जिनका नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया है, हल्की चोट आने से सभी यात्री बालाघाट की और रवाना हो गए।बताया जाता है बुधवार की सुबह करीब 5 बजे ट्रेवलर वाहन यात्रियों को लेकर इंदौर से बालाघाट की ओर जा रहा था।**



इस दौरान ग्राम नगरकोट के समीप स ?क किनारे खडे वाहन से ट्रेवलर टकरा गई।दुर्घना में ट्रेवलर वाहन सामने से बूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया वहीं वाहन में सवार 7 यात्री घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगो द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलो को जिला अस्पताल रेफर किया था। लेकिन सभी यात्री वाहन से बालाघाट की ओर रवाना ही गए। घायलों में करिश्मा पति राधेश्याम (27), सुमित पिता जगदीश (31), मोहन पिता जगदीश (32), नमन पिता जितेंद्र (28), अदिति (22), राम पिता दिलीप (31) और शुभम जैन (30) शामिल हैं। सभी घायल बालाघाट जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।


